प्रातः 6 बजे सफाई व्यवस्था, सुलभ शौचालय एवं तालाबो का औचक निरीक्षण करने पहुचें–आयुक्त पाण्डेय

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जोन क्रं. 03 पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने प्रातः 6 बजे आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंच गये। वहां पर कर्मचारियो की उपस्थिति उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का जांच किये। इसके साथ ही वार्ड 36 सूर्य नगर में जर्जर सुलभ शौचालय, साफ–सफाई, पानी व्यवस्था ठीक करने एवं वार्ड 30 प्रगति नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का संधारण शीध्र कराने को कहे। आयुक्त पाण्डेय ने जोन 02 वैशाली नगर क्षेत्र के सुपेला शीतला तालाब, रामनगर मुक्तिधाम तालाब, नक्टा तालाब, सीमेंटीकरण सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण आदि सभी जगह पहुंच कर साफ–सफाई, निर्माण, संधारण कार्यो को समय अवधि में पूरा करने के लिए जोन आयुक्त येशा लहरे को निर्देशित किये। इसके साथ ही सभी तालाबो का सीमांकन राजस्व विभाग के सहयोग से समय अवधि में पूर्ण करने को कहे। जो लोग तालाबो के किनारे अतिक्रमण किये है, उन्हे हटाया जा सके। कुछ लोगो द्वारा तालाब के किनारे शासकीय जमीनो पर अवैघ कब्जा किया गया है। तालाबो की पैमाईस के बाद यह ज्ञात हो सकेगा, कि तालाब का पूरा क्षेत्रफल कितना है। अवैध कब्जाधारियो को नोटिस देकर हटाया जा सकेगा, उसी के आधार पर चौहददी निर्धारित हो जायेगी। यह भी ज्ञात हो जायेगा कि तालाब की लम्बाई चौंड़ाई कहां से कहां तक है, उसका बोर्ड लगाया जा सके। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त येशा लहरे, कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेन्द्र बंजारे, जोन सुपरवाईजर अंजनी सिंह आदि उपस्थित रहे।